इंदौर
सोमवार
2 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 139

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in



खातेगांव में अवैध शराब से भरे ट्रक ने टीआई को रौंदा, हुई मौत

धार जिले में होगा अंतिम संस्कार, इंदौर में रहता है परिवार

ड्राइवर गिरफ्तार, हरदा के शराब माफिया राहुल जायसवाल की तलाश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

देवास जिले के खातेगांव में अवैध शराब से भरे ट्रक ने खातेगांव के टीआई दिलीप पुरी को कुचल दिया। ट्रक का पिछला पहिया उनके शरीर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौत हो गई। शराब से भरा ट्रक इंदौर होते हुए गुजरात जाने वाला है, यह सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ट्रक का पीछा कर रही थी। इसी दौरान हरदा-नेमावर हाईवे पर ट्रक ड्राइवर पानी पीने के लिए रुका। खातेगांव टीआई दिलीप पुरी उसे पकड़ने के लिए मौके पर पहुंचे। उन्होंने ड्राइवर को ट्रक से नीचे उतरने के लिए कहा। इसी दौरान दोनों के बीच झूमाझटकी होने लगी। बताया जा रहा है कि ड्राइवर ने ट्रक लेकर भागने की कोशिश की। इस दौरान टीआई नीचे गिर गए और ट्रक का पिछला पहिया उनके ऊपर से निकल गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। दबिश में शामिल अफसरों के मुताबिक शराब तस्करी में हरदा के कांग्रेस नेता राहुल जायसवाल का नाम सामने आया है। पुलिस को अब राहुल जायसवाल की तलाश है, लेकिन वे दिल्ली में बताए जा रहे हैं। वे कांग्रेस की रैली में शामिल होने दिल्ली गए थे। टीआई दिलीप पुरी धार जिले राजोद थाना के बरमंडल के रहने वाले थे। वहीं पर दिलीप पुरी का अंतिम संस्कार किया जाएगा। अभी उनका परिवार इंदौर में रह रहा है। टीआई बनने के बाद इंदौर के हीरा नगर, चंदन नगर थाना में भी पदस्थ रहे हैं। पुरी लगभग दो माह पहले ही खातेगांव थाने में पदस्थ किए गए थे।











दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
योगेश गोविंद गेंदर
पार्षद वार्ड क्र. 72

दीपावली की पावन ज्योत से आपका
संसार सूर्य की भांति सदा प्रज्वलित रहे...
दीपावली महापर्व
की हार्दिक शुभकामनाएँ
जयदीप जैन
(पूर्व पार्षद)

एकलव्यसिंह गौड़
श्रीमती मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़
दीपावली
के पावन पर्व की शुभकामनाएँ
पार्षद - प्रिया डांगी - वार्ड क्रमांक 67

दीपावली महापर्व की शुभकामनाएँ
विजेन्द्रसिंह चौहान
अध्यक्ष : किशनपुरा-राजवाड़ा व्यापारी एसोसिएशन इंदौर
पूर्व मंत्री सज्जनसिंह जी वर्मा फेन्स क्लब
कार्तिक चौहान

श्री महादेव मार्बल
की ओर से
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
महावीर प्रजापत
उपाध्यक्ष : सम्राट अशोक मण्डल
सत्यनारायण प्रजापत
भाजपा पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष

वाजपेयी टेंट हाउस
दीपावली
की
हार्दिक बधाईयां
श्रीमती चंदा
सुरेन्द्र वाजपेयी
पूर्व पार्षद इन्दौर
आयुष बाजपेयी
7987942907
अक्षत बाजपेयी
9109406654
सुरेन्द्र वाजपेयी
इन्दौर नगर भाजपा पूर्व मंत्री
9827217941
5/6, नॉर्थ राजमोहल्ला, इन्दौर

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
के.के. मिश्रा
सत्यनारायण मोदी
नरेन्द्र बैरागी
मोदी परिवार

दीपावली
की हार्दिक
बधाई
संजू गोविंद कुशवाह
(पूर्व पार्षद)
बधाईकर्ता : संजू गोविंद कुशवाह मित्र मंडल

दीपावली
की शहरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएँ
:: सौजन्य से ::
श्यामसुन्दर यादव
प्रदेश अध्यक्ष इंटक
राहुल निहोरे
प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष
राहुल निहोरे
असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस

शहरवासियो को दीपावली की शुभकामनाएँ
बधाईकर्ता– धर्मेन्द्र मीनाक्षी गेंदर

दीपावली
की
शुभकामनाएँ
बधाईकर्ता : भूपेन्द्र नारायण सिंह केसरी

शुभ
दिवाली
कैलाश विजयवर्गीय
मोहन ठाकुर

दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
पुष्पक तौल कांटा
प्रथम तौल कांटा
34-35, सेटर-एफ दीपमाला ढाबा के सामने, सांवेर रोड, इन्दौर

दीपावली पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री सत्य वीर
तेजाजी महाराज
हिन्दराज राजौरिया
पृथ्वीराज राजौरिया
रूदराज राजौरिया
राजौरिया ट्रेडर्स एंड
चिल्ड वॉटर सप्लायर्स
हिन्दराज ट्रेवल्स
50/2, बियाबानी, धार रोड, इन्दौर
9753444147, 8305083045
नितेश राजौरिया
प्रदेश अध्यक्ष : मानव अधिकार आयोग म.प्र. (रा.से.)
चंचल राजौरिया
निर्मल राजौरिया

दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ
अनूप शुक्ला

मध्यप्रदेश की स्थापना दिवस समारोह से विधायकों ने काट ली कन्नी

एक भी विधायक कार्यक्रम में नहीं पहुंचा, सभी के पास है अपने कारण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर कल इंदौर में आयोजित किए गए सरकारी कार्यक्रम से भारतीय जनता पार्टी के सभी विधायकों ने दूरी बना ली। एक भी विधायक इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नहीं पहुंचा। हर विधायक के पास कार्यक्रम में नहीं जाने के अपने कारण है।

राज्य सरकार के द्वारा यह फैसला लिया गया था कि मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस 1 नवंबर को सभी जिला मुख्यालय पर मनाया जाएगा। इसके तहत सरकार की ओर से ही यह तय कर दिया गया था कि कौन से जिले में कौन से मंत्री की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। सरकार के द्वारा लिए गए फैसले के अनुसार इंदौर में लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाना था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पहुंचने के लिए कहा गया था। कल आयोजित किया गया यह कार्यक्रम बहुत ज्यादा अनोखा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए ना तो भाजपा के कार्यकर्ता पहुंचे और नहीं आम नागरिक पहुंचे। ऐसी स्थिति में अधिकारियों के द्वारा स्कूलों के बच्चों को बुलवाकर उनके माध्यम से हाल को भरने की कोशिश की गई। विजयवर्गीय खुद भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए डेढ़ घंटा विलंब से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। इसके साथ इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल किए गए भाजपा के सारे विधायक कार्यक्रम से गायब रहे। कार्यक्रम के मंच पर लगाई गई कुर्सियों पर वहां बैठने वाले अतिथियों के नाम लिखे गए थे। इसमें विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड, महेंद्र हार्डिया, उषा ठाकुर और राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त निगम के सरकार के द्वारा नियुक्त किए गए अध्यक्ष सावन सोनकर की भी नाम पट्टी कुर्सी पर लगी हुई थी। इनमें से कोई भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नहीं पहुंचा। यहां तक की भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और नगर के अधिकांश पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नहीं पहुंचे। इस पूरी स्थिति से हलचल मच गई। कार्यक्रम में नहीं आने वाले भाजपा के विधायकों के पास अपने-अपने कारण और बहाने हैं। हर कोई अपने आप को पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम में व्यस्त बता रहा है। इस स्थिति के चलते हुए बाद में विधायकों के लिए आरक्षित कुर्सियों पर अधिकारी बैठ गए।

पहले भी हुआ है ऐसा

पिछले दिनों भी ऐसा उसे समय हो गया था जब विजयवर्गीय के द्वारा इंदौर के पानी के संकट को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों की बैठक बुलाई गई थी। उसमें भी अधिकांश विधायक बैठक में नहीं पहुंचे थे। बाद में इन विधायकों ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया था। भाजपा में गुटबाजी की कलाई इसी तरह से समय-समय पर खुलकर सामने आती है।

इंदौर के कांग्रेस नेता दिल्ली में दिखे अग्रणी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट







कल कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने वोट चोरी, चंदा चोरी, लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा सहित अन्य मुद्दों पर दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली का आयोजन किया था। इंदौर से कई कांग्रेस नेता वहां अग्रणी दिखे। सत्यनारायण पटेल, विपिन वानखेड़े, चिन्टू चौकसे, संजय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, दौलत पटेल, अनुरोध जैन दिल्ली में नारेबाजी क़रते हुए दिखे। संतों के साथ भी यह कांग्रेस नेता नजर आए और कांग्रेस के प्रमुख मुद्दों को नारेबाजी के बीच उठाया भी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और संगठन महामंत्री दौलत पटेल ने ज्ञानेश कुमार के मुखौटे वाले व्यक्ति को चपत लगाकर नारे भी लगाए तो किसी के कहने पर ऐसे वोट चोरी करोगे तो फंसोगे ही। वहीं अनुरोध जैन ने मीडिया के समक्ष जोशीला उद्बोधन भी दिया।

अर्जुनसिंह की जयंती मनेगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुनसिंह की जन्म जयंती 4 नवम्बर की शाम 4 बजे गांधी भवन में अर्जुनसिंह विचार मंच और कांग्रेस कमेटी द्वारा मनाई जाएगी। ठाकुर जितेन्द्र सिंह ने बताया कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे, संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहेंगे।



भाजपाइयों ने प्रबुद्ध वर्ग के साथ की संगोष्ठी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और भाजपाइयों की मौजूदगी में बाबाश्री गार्डन में 'लोकतंत्र बचाओ... अराजकता हटाओ' अभियान के तहत प्रबुद्ध वर्ग के साथ संगोष्ठी आयोजित की गई। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मेघराज जैन, योगेश मेहता, जगदीश गोयल बाबाश्री, वीरेन्द्र गुप्ता, प्रो. मंगल मिश्रा, लक्ष्मण माहेश्वरी, डॉ. रूपेश मोदी, अशोक चौहान, भूपेन्द्रसिंह केसरी, घनश्याम काकाणी, देवेन्द्र ईनाणी सहित अन्य मौजूद थे। संचालन जयदीप जैन ने किया।

पार्षद का प्रयास हरसिद्धि पुल चौड़ा हो

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वार्ड 59 की पार्षद रूपाली अरुण पेंढारकर लगातार क्षेत्र में विकास के प्रयास कर रही है और वे चाह रही है कि हरसिद्धि पुल का चौड़ीकरण हो, जिससे यातायात का दबाव भी कम हो। सीमेंट सड़क के बाद बढ़ने वाले यातायात के मद्देनजर हरसिद्धि पुल का चौड़ीकरण हो। अधिकारियों से यह भी मांग की कि हरसिद्धि शासकीय डिस्पेंसरी तरफ तक हरसिद्धि पुल को चौड़ा किये जाने की आवश्यकता है। ब्रिज सेल से संबंधित अधिकारियों से भी पार्षद ने चर्चा की है।



भाजपा पार्षद शानू शर्मा सम्मानित

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मीडिया संस्थान की प्रेस द्वारा सर्वश्रेष्ठ पार्षद अवॉर्ड से विधानसभा चार के वार्ड 82 के पार्षद और झोन 14 के अध्यक्ष नितिन शर्मा शानू को सम्मनित किया। सम्मान के बाद शानू शर्मा ने कहा कि यह सम्मान गौरव का विषय है। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि मेरे वार्ड की जनता के लिए यह अवार्ड समर्पित करता हूं, आगे भी सेवा कार्य करते रहने की बात शानू शर्मा ने कही। सम्मान करने के दौरान सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी मौजूद रहे जिन्होने पार्षद शानू शर्मा के कार्य की प्रशंसा की।

फुटपाथ पर दुकानें....पार्षद कार्यालय पर बुकिंग!

5 हजार से 21 हजार तक किराया लेने का आरोप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

त्योहारों पर शहर में कई जगह अस्थायी बाजार लगे है। परदेशीपुरा क्षेत्र में लगने वाली दुकानों को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। दुकानदारों ने क्षेत्रीय पार्षद के कार्यालय पर बुकिंग करवाने की बात कही है। उन्होंने दुकान किराया और टेंट,बिजली खर्च की राशि भी बताई।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कनकेश्वरी देवी मंदिर से इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स जाने वाले मार्ग पर फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले फुटकर व्यापारी जानकारी देते नजर आए कि उन्होंने यह दुकान कैसे ली है। कुछ दुकानदारों ने 5 हजार से 8 हजार रुपए किराया दिया है तो कुछ का कहना है कि पार्षद से इसके लिए बात करना पड़ती है। 15 दिनों के लिए यह किराया दिया है। इसके अलावा दुकान का टेंट और बिजली खर्च अलग से होने की बात सामने आई है। दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने दुकानों की बुकिंग पार्षद कार्यालय से करवाई है।उन्होंने दशहरे के पहले यह बुकिंग करवाई थी। हालांकि फिलहाल इस मामले में आधिकारिक पुष्टि तो नहीं हुई है,लेकिन दुकानदारों के आरोपों के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इधर इस मामले में निगम की ओर से अब निगाहें लगाई जा रही है। निगमकर्मियों की भूमिका पर भी विपक्ष सहित क्षेत्रीय लोग अब सवाल उठा रहे है।

भाजपा नेताओं ने अर्पण किए श्रद्धासुमन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी काशी देवी के निधन पर भाजपा नेता सुनील पुरोहित, ललित यादव, सुदीप पाठक ने जैत पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की।

पुणे और मुंबई के महंगे किराये पर आप का सवाल

दीपावली के दौरान ट्रेन चलाई जाए

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री अनुराग यादव ने बताया कि सरकार का बसों के किराये पर कोई नियंत्रण नहीं है। लोग अपने घरों पर आते-जाते है और दीपावली के बाद छठ पूजा के लिए भी लोग सफर करते है। यादव ने कहा कि किराया निर्धारित करना चाहिए और ज्यादा किराया लेने वाली बसों पर कार्रवाई करना चाहिए। इधर बसों के अलावा हवाई टिकिट भी दीपावली पर्व के समीप आते ही खासे महंगे हो गए है। सरकार का नियंत्रण नहीं है। खासतौर से मुंबई, पुणे, दिल्ली, आने-जाने के ज्यादा साधन ट्रेन के नही होने से प्लेन और बस वालों की मनमानी चल रही है। अभी दीपावली और छठ पूजन तक इंदौर से पुणे और मुंबई के लिए पर्याप्त ट्रेनें चलाने की मांग भी आम आदमी पार्टी ने की है। ज़ो ट्रेन चल रही है उनमें अतिरिक्त कोच लगाए जाएं, कुछ गाडियों के फेरे बढ़ाए जाएं।

शैलेंद्र सिंह को ई-स्कूटी प्रदान



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व क्विज के तृतीय पुरस्कार विजेता शैलेंद्र सिंह को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने ई-स्कूटी की चाबी सौंपी। किसान नेता बबलू जाधव ने बधाई दी।

सरपंच ने किया पुरस्कृत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। 53 स्कूलों के बीच आयोजित सीरत क्विज़ प्रतियोगिता में विजेताओं को हिदातुलल्ला खान, सरपंच सोहराब पटेल ने सम्मानित किया। इस दौरान सोहेल शेख, जुनेद कुरैशी भी मौजूद थे।

निगम अधिकारी और कर्मचारियों को वर्ष के अंत तक जमा करने होंगे कर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने निर्देश जारी किए हैं कि इस वर्ष के अंत 31 दिसम्बर तक निगम के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को निगम के सभी कर एवं शुल्क जमा कराना आवश्यक होगा। नियमित, मस्टर, विनियमित सहित सभी श्रेणी के कर्मचारियों तथा आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत कर्मचारी कर जमा कराये। यह भी निर्देश दिए कि अनुपालन प्रतिवेदन जनवरी 2027 में वेतन भुगतान से पूर्व लेखा शाखा को प्रस्तुत करना होंगे। समस्त कर योग्य संपत्तियों का संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, यूजर चार्ज एवं अन्य समस्त निगम कर/शुल्क 31 दिसंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करें और उसकी जानकारी भी देवें। उक्त निर्देश निगम के नियमित, मस्टर, विनियमित सहित सभी श्रेणी के कर्मचारियों तथा आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों पर भी लागू होंगे। सभी अधिकारी-कर्मचारी कर एवं शुल्क जमा करने के पश्चात शत-प्रतिशत भुगतान के प्रमाण सहित आवेदन अपने विभाग प्रमुख को प्रस्तुत करना होंगे।

नोटिफिकेशन के इंतजार में अटकी हाईटेक फूड लैब में टेस्टिंग

दीपावली बाद, मंजूरी मिलने की उम्मीद,फिर नहीं रहना पड़ेगा भोपाल के भरोसे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

11 माह पहले करोड़ों की लागत से तैयार इंदौर की हाईटेक फूड लैब में नोटिफिकेशन (मंजूरी) के चक्कर में सैंपलों की जांच नहीं हो पा रही है। हालत यह है कि देवासनाका क्षेत्र में लसूडिया में लंबे समय से तैयार आधुनिक मशीनों और सुविधाओं से लैस अत्याधुनिक हाईटेक फूड टेस्टिंग लैब में केंद्र सरकार से प्रक्रिया के तहत आधिकारिक नोटिफिकेशन (मंजूरी) न मिलने के कारण जांच पड़ताल लंबे समय से अटकी हुई है। दरअसल लैब को नेशनल एक्क्रिडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज से प्रमाण पत्र तो मिल चुका है, लेकिन फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से अंतिम मंजूरी (नोटिफिकेशन) मिलना अभी बाकी है।

मंजूरी के बिना दीपावली से पहले जांच पर असर

इधर बड़ी बात यह है कि लैब का निर्माण कार्य पूरा होने और एनएबीएल सर्टिफिकेशन मिलने के बाद भी, नियमों के मुताबिक जब तक एफएसएसएआई (FSSAI) इसे आधिकारिक रूप से अधिसूचित नहीं करता, तब तक यहां कानूनी रूप से सैंपलों की जांच शुरू नहीं की जा सकती।

जरूरी ऑडिट प्रक्रिया हो चुकी है पूरी

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया पिछले दिनों



एफएसएसएआई की टीम द्वारा नवीन हाईटेक लैब का विस्तृत ऑडिट (निरीक्षण) किया जा चुका है। साथ ही अब अंतिम ऑडिट रिपोर्ट आने और उसके आधार पर नोटिफिकेशन जारी होने का इंतजार है। कहा जा रहा है कि दीपावली के बाद कभी भी नोटिफीकेशन रिपोर्ट और सर्टिफिकेट आ सकता है। इसके बाद ही यहां टेस्टिंग शुरू हो पाएगी।

इधर,त्यौहारों के समय जांच पर हो रहा असर

बड़ी बात यह है कि दीपावली से जैसे बड़े त्यौहार पर जिला प्रशासन के निर्देश पर लगातार फूड सेफ्टी टीम द्वारा इंदौर शहर में लगातार मिठाई और खाने पीने की दुकानों पर सेंपलिंग के साथ जांच पड़ताल और छानबीन भी हो रही है। लेकिन करोड़ों की लागत से तैयार स्थानीय लैब चालू न होने के कारण, त्योहारी सीजन और रूटीन चेकिंग के दौरान शहरभर से लिए जा रहे खाद्य पदार्थों (जैसे मावा, पनीर, घी और मिठाइयाँ) के सैंपल जांच के लिए भोपाल स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजने पड़ रहे हैं।

जांच में देरी से बढ़ रहें पेंडेंसी के मामले

वहीं खास बात यह है कि सैंपलों को भोपाल भेजने के कारण रिपोर्ट आने में भी समय लग रहा है। वहीं नियम अनुसार 14 दिन के बजाय भोपाल लैब पर लोड बढ़ने से सेम्पलो की जांच रिपोर्ट एक से डेढ़ महीने में आ रही है। जिससे मिलावटखोरों पर तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई करने में प्रशासनिक टीमों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं सैंपलिंग तो हो रही है लेकिन जांच रिपोर्ट के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। इधर बताया जा रहा है कि प्रशासनिक स्तर पर एफएसएसएआई से जल्द से जल्द फाइनल नोटिफिकेशन जारी कराने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि इंदौर और आसपास के जिलों के सैंपलों की जांच यहीं स्थानीय स्तर पर तेजी से हो सके।

भमोरी चौराहे पर फिर लगाया पोर्टेबल सिग्नल

अनूप टॉकीज के सामने सिग्नल लगने से मिल रही राहत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पाटनीपुरा क्षेत्र में भमोरी चौराहे पर अनूप टॉकीज के सामने निगम के यातायात विभाग ने ट्रैफिक कंट्रोल के लिए पिछले दिनों एक बार फिर से पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है। देखने वाली बात है कि अब दोबारा ट्रैफिक सिग्नल लगाने के बाद आखिर क्षेत्र के रहवासियों और व्यापारियों को नया पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल जाम से कितने राहत दिलाता है। दरअसल निगम द्वारा करीब दो साल पहले भी क्षेत्र के लोगों को रोज सुबह शाम लगने वाले जाम से राहत दिलाने के लिए पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल लगाया था। लेकिन हालात यह रही कि थोड़े टाइम बाद ही यहां से पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल को हटाना पड़ा।

पाटनीपुरा पर सिग्नल में टाइमिंग गड़बड़ी के कारण लग रहा जाम- वहीं क्षेत्र के रहवासी और व्यापारियों का कहना है कि सबसे बड़ी दिक्कत पाटनीपुरा चौराहे पर लगे ट्रैफिक सिग्नल में टाइमिंग की गड़बड़ी है। यहां मालवामिल की ओर से आने वाले वाहन चालकों को सबसे ज्यादा समय दिए जाने और एमआईजी थाने और परदेसीपुरा की ओर से आने वाले वाहन चालकों को कम टाइमिंग दिए जाने से वाहन चालकों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। खासकर भमोरी की ओर से आने वालों को ज्यादा इंतजार करना पड़ रहा है।

दो से तीन बार करना पड़ रहा बारी आने का इंतजार- यही नहीं इसके कारण वाहन चालकों को दो से तीन बार में अपनी बारी आने का इंतजार करना पड़ रहा है। जिसके कारण भी जाम लगा रहता है। इसके अलावा पाटनीपुरा चौराहे से भमोरी चौराहे तक के हिस्से में भी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर दुकान के सामने सामान बाहर तक रखा जा रहा है। यही नहीं फुटपाथ पर भी सामान फैलाकर रखा जाता है। कहीं बोर्ड लगाकर तो कहीं सब्जी और फल फ्रूट के ठेले वालों के कारण भी जाम की स्थिति बन रही है। वहीं लोगों का कहना है कि आस्था - अनूप टॉकीज के सामने यातायात विभाग द्वारा बीमा अस्पताल, बजरंग नगर,नंदानगर, संजय गांधी नगर सहित अन्य कॉलोनीयों की ओर आने जाने वालों के अलावा एबी रोड से रिंग रोड़ की ओर जाने वाले वाहन चालकों को जाम से राहत के लिए एक बार फिर पोर्टेबल ट्रैफिक सिग्नल लगाकर जाम से मुक्ति दिलाने के लिए प्रयास शुरू किए गए है।







आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारिणी की बैठक शुरू

डेली कॉलेज में पहुंचे संघ के भागवत सहित सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी

इंदौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी की बैठक आज सुबह डेली कॉलेज मैं शुरू हो गई। इस बैठक में भाग लेने के लिए संघ के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी इंदौर पहुंच गए हैं। इस बैठक में पिछले 1 साल में किए गए कामों की समीक्षा की जाएगी। आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक आज सुबह डेली कॉलेज में शुरू हो गई। इस बैठक की शुरुआत सर संघ चालक डॉ मोहन भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के द्वारा की गई। बैठक की शुरुआत में भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण किए गए। इस बैठक में संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और प्रांतीय कार्यकारिणी के 408 पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। इस बैठक में तीन दिन में 12 से अधिक विषयों पर अलग-अलग सत्र में विचार किया जाएगा। बैठक में भाग लेने के लिए 46 प्रांतों के संघ चालक, सह संघ चालक, कार्यवाह और प्रचारक इंदौर पहुंचे हैं। संघ का पूरा शीर्ष नेतृत्व इस बैठक में भाग लेने के लिए इंदौर आ चुका है। संघ के द्वारा पिछले वर्ष अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के मौके पर शताब्दी वर्ष मनाया गया। इस अवसर पर पूरे देश में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों की समीक्षा भी इस बैठक में की जाएगी। बैठक में सभी कार्यक्रमों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। यह भी बताया जाएगा कि पिछले 1 साल में संघ के कार्यों का विस्तार कितना और किस तरह से हुआ है। इसी के आधार पर इस दशहरा के पर्व से लेकर अगले दशहरा के प्रवर्तक की अवधि के दौरान संघ द्वारा किए जाने वाले कामों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

नल कनेक्शन कटवाया फिर बिल आ रहा है तो बनी एसओपी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

नगर निगम आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि जो लोग नल कनेक्शन हटवाना चाहते हैं वे आवेदन दे देवें और जो नल कनेक्शन खाता बंद करने के आवेदन के बाद बिलिंग की समस्या आ रही है उसके निदान के लिए निगम ने एसओपी बनाई है और जिन्हें नल कनेक्शन नहीं रखना है वे स्थायी रूप से जल कनेक्शन हटाने एवं खाता बंद करने के लिए आवेदन लगाए और 10 दिनों में शुल्क जमा करें, 30 दिनों में कनेक्शन काटने की कार्रवाई कर दी जाएगी। आवेदन लगाने के पूर्व पुराने बकाया जमा करना होंगे।







































R.No. 03/27/01/26059/24

देवी अहिल्या बंगाली स्वर्ण शिल्पी सेवा समिति, इन्दौर

DABSSSSI INDORE

रोशनी का ये त्योहार आपके घर लाए ढेरों खुशियां
आप और आपका परिवार सदा मुस्कुराता रहे
ना हो कभी धन-दौलत की कमी

दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएँ



अध्यक्ष- सुशान्त सामन्त



कोषाध्यक्ष
प्रशांत खामरोई



सचिव
अभिजीत माईती



नीलकमल काम्पलेक्स, शॉप नं. 301, तीसरी मंजिल बड़ा सराफा, इन्दौर (म.प्र.) 0731-4941617, मो. 7724838719

बाजारों में रही देर रात तक भीड़

सुबह से दोपहर तक की थी घरों की सफाई

रविवार होने से लोग बाजार देखने और सामान खरीदने निकले, खाना-पीना भी किया बाहर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



कल पुष्य नक्षत्र का महापर्व था। सही मायने में दीपावली का आगाज कल से हुआ और कल मुहूर्त में जहां व्यापारियों ने पहले बहीखातों और लिखने की कलम खरीदने का काम किया था उसके बाद अपनी दुकानों पर जा बैठे थे। दोपहर से ग्राहकों का बाजार में आना शुरू हुआ। शाम होते-होते शहर के मध्य व्यापारिक क्षेत्रों के अलावा अन्य व्यापारिक क्षेत्रों में भी जमकर भीड़ उमड़ी, खासतौर से सराफा, इलेक्ट्रानिक बाजार, रेडिमेड, बर्तन मार्केट, घर की सजावट की दुकानों पर भीड़ देर रात तक नजर आई। खासतौर से सराफा में शगुन की ग्राहकी अच्छी नजर आई। किसी कारण कल सराफा चौपाटी नहीं लग पाई। कृष्णपुरा छत्री से राजवाड़ा आने वाले मार्ग और शहर के मध्य नो व्हीकल झोन किया गया था, लेकिन टू-व्हीलर वाहन इन क्षेत्रों में गलियों से निकलकर दिखाई दिए, जिससे भी भीड़ भरे इन व्यापारिक क्षेत्रों में परेशानी का सबब दिखाई दिया, कुछ लोडिंग रिक्शा भी घुसे। कल लोगों ने घरों में, कार्यालयों में, उद्योगों में और अन्य जगह भी साफ-सफाई का अभियान चलाया। लोगों ने सुबह खाना तो घर पर खाया और कुछ लोग दोपहर बाद तो कुछ लोग शाम को घर से खरीददारी करने निकले, बाजारों में पहुंचे तो वहां भी भीड़ नजर आई। ज्यादातर लोगों ने कल खरीददारी के बाद पेटपूजा बाहर ही की। कोई चौपाटी तो कोई होटल पहुंचा। कल कलर की दुकानों पर भी भीड़ थी, लोगों ने सुबह कलर खरीदा, कलर करवाया और शाम को बाहर निकले, जो लोग रेडिमेड कपड़े नहीं पहनते हैं वे टेलर के यहां भी पहुंचे थे। टेलर की दुकान पर भी नाप लेने और पुराने ऑर्डर पर सप्लाय का काम भी हुआ। इधर दुकानदारों का कहना था कि जितनी भीड़ मध्य क्षेत्र के रोड पर थी उसके मुताबिक खरीददारी नहीं हुई। एक सामान लेने के लिए 5 से 6 लोग तक दुकानों पर पहुंचे थे। कल रविवार होने की वजह से लोग छुट्टी और मस्ती के मूड में थे, खरीददारी भी करते रहे, सामान भी देखते रहे और पेटपूजा भी बाद में बाहर कर ली गई। इसके अलावा शहर के मॉल एवं अन्य बाजारों में भी कल ग्राहकों की रौनक नजर आई। सिंधी कालोनी, पाटनीपुरा, मालवा मिल, कालानी नगर, मूसाखेड़ी, बाणगंगा और न्यू पलासिया, रणजीत रोड पर भी भीड़ की रौनक दिखाई दी। बैंक कालोनी रोड पर कल शाम से रात तक खाऊ ठियों पर भीड़ थी। वहीं छप्पन दुकान, आनन्द बाजार सहित अन्य चौपाटियों पर भी लोग पहुंचे। मॉल पर रोशनियां भी लोगों ने देखी। ज्वेलर्स की सराफा और एमजी रोड, पाटनीपुरा रोड दुकानों पर भी जमकर रोशनियां थी।



कालेज में पढ़ने वाले पुराने छात्र 56 दुकान पहुंचे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गुजराती कालेज में सालों पहले तक साथ में पढ़ने वाले दोस्तों के समूह ने मुलाकात की। मजहर हुसैन सेठजीवाला ने बताया कि एक साथ कालेज में पढ़ाई करने वाले एक साथ 56 दुकान पर मिले। पुराने दिनों को याद किया और खुशी का इजहार भी किया, याराना का गीत भी गाया फिर 56 दुकान के व्यंजनों का लुत्फ लिया और फिर से मिलने की दुआ की।



राजबाडा पर राष्ट्रगान का आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अजयनारायण सीतलानी, दिलीप राजपाल, विकास जोशी ने बताया कि गत बार की तरह इस माह की पहली तारीख को हृदय स्थल राजवाड़ा पर परंपरागत राष्ट्रगीत राष्ट्रगान का आयोजन किया। चिकित्सक डॉ. भरत वाजपेयी को चरखा प्रदान कर सम्मान किया गया! अन्य भी मौजूद थे।

कला मंच ने दी नाट्य प्रस्तुति



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पार्श्वनाथ भगवान की भक्ति में केसरी वाटिका में उज्जैन के पार्श्वनाथ कला मंच द्वारा 'जयति पार्श्वनाथ' के ऊपर नाट्य प्रस्तुति दी गई। इस नाट्य प्रस्तुति ने उपस्थित धर्मप्रेमियों को भावविभोर कर दिया। भगवान पार्श्वनाथ के जीवन, त्याग, तपस्या और आध्यात्मिक महिमा पर आधारित इस प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उक्त जानकारी राजेश-प्रिया जैन युवा ने दी।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन, चोईथराम नेत्रालय, अरोग्य भारती संस्था के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल पर नेत्र शिविर लगाया। शिविर में 170 मरीजों ने लाभ लिया, 19 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया जिनके आपरेशन चोईथराम हॉस्पिटल में निःशुल्क होंगे जरूरतमंद को 75 चश्मे रियायती दरों पर दिए गए।

नवोदित गायकों के लिए मंच

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बावरा कराओके ओमप्रकाश भारती ने बताया कि संस्था द्वारा नवोदित एवं प्रतिभाशाली गायक कलाकारों को अपनी गायन प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सुंदर मंच प्रदान किया जाता है। इसके लिए संस्था के ओमप्रकाश भारती के पास आकर प्रस्तुति को लेकर चर्चा की जा सकती है। लगातार नए गायकों को मौका प्रदान किया जा रहा है। बावरा कराओके हमारे इस संगीतमय परिवार से जुड़कर अपनी प्रतिभा को निखारें और सुरों की इस सुरीली यात्रा का हिस्सा बनने की बात भी भारती ने की है।

मातृ-पितृ चरण वंदन महोत्सव



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ ट्रस्ट महावीर भवन इंदौर के तत्वावधान में नरसिंह वाटिका में भावपूर्ण मातृ-पितृ चरण वंदन महोत्सव का आयोजन किया गया। लगभग 650 बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। साध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा.ने सार्थक प्रवचन भी दिए। प्रकाश भटेवरा ने उक्त जानकारी दी।

500 अग्रवाल परिवार करेंगे गोवर्धन पूजा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र पालदा की 26 कालोनियों से जुड़े 500 से अधिक अग्रवाल परिवारों के बंधु 9 नवम्बर को गोवर्धन पूजा वरूण विक्ट्री परिसर में सुबह 10 से 12 बजे तक करेंगे। समाजजन घर से व्यंजन बनाकर लाएंगे, भगवान श्रीनाथजी को 56 भोग समर्पित करेंगे। गोवर्धन की आकृति बनाई जाएगी। अरविन्द बागडी ने उक्त जानकारी दी।

अग्रवाल समाजजन बस्तियों में करेंगे मिठाई और सामग्री का वितरण



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। 14 वर्षों से अग्रवाल समाज द्वारा दीपावली पर अलगग-अलग बस्तियों और सरकारी स्कूलों में पहुंचकर मिठाई, आतिशबाजी और खिलौने भेंट किए जा रहे है। किशोर गोयल ने बताया कि इस वर्ष भी यह अभियान कल रविवार से शुरू कर दिया गया है दीपावली के दिन तक जारी रहेगा। ठण्ड में बच्चों को स्वेटर और गर्म कपडों का वितरण भी किया जाएगा। अग्रवाल समाज के कई संगठनों को साथ में लेकर यह कार्य किया जा रहा है। कल बिजासन रोड में 250 बच्चों को आतिशबाजी, मिठाई एवं खिलौने भेंट किए गए। जगदीश गोयल बाबाश्री, संजय अग्रवाल गोल्ड क्वाइन, संजय बांकडा, पलक बंसल, मीका अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, स्वाति गोयल, सहित अन्य मौजूद थे।



24 कैरेट ग्रुप ने किया दीपावली मिलन आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। 24 कैरेट ग्रुप से जुड़े हितेश गोयल, आयुष गोयल, जीतू गोयल ने बताया कि संस्था का दीपावली मिलन आयोजन किया गया। ग्रुप के सभी सदस्यों ने शिरकत की और दिवाली त्योहार की खुशी का इजहार किया। एक-दूसरे को कल पुष्य नक्षत्र और दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी।

कान्ह नदी पुनर्जीवितीकरण पर प्रस्तुतीकरण आज शाम

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कान्ह नदी को पुनर्जीवित कर, साफ एवं शुद्ध पानी की धारा बहे, इस संबंध में डेवलपमेंट फाउंडेशन एवं इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन द्वारा आज शाम 5 बजे इंदौर प्रेस क्लब सभागार में नर्मदा कंट्रोल अथॉरिटी के पूर्व अभियंता डॉ. मुकेश चौहान द्वारा,कान्ह नदी के शुद्धिकरण पर प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा।

भारत-तिब्बत समन्वय संघ की जिला बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भारत-तिब्बत समन्वय संघ की जिला बैठक जनजागरण एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर आयोजित कर चर्चा की गई। संजय दुबे, अर्पिता सिकरवार, ज्योति तोमर ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। विभिन्न जनजागरण गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की योजना बनाने पर जोर दिया। मोना पाल, वर्षा शर्मा, सीमा नायक, निशा यादव, शालिनी चौहान, सुनील शुक्ला, नितिन पहाड़िया, मानवेंद्र त्रिवेदी, सपना मल्हार अन्य बैठक में मौजूद थे।



200 बाइकर्स की नशामुक्ति जागरूकता रैली



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कल प्रदेश के स्थापना दिवस पर नारकोटिक्स विंग ने 200 से अधिक बाइकर्स की नशामुक्ति जागरूकता संदेश वाली रैली निकाली। इसमें महिला राइडर्स की भी सक्रिय भूमिका रही। युवा शक्ति ने दिया नशामुक्त भारत का संदेश

खाटूश्याम बाबा पर बनी फिल्म का पोस्टर और ट्रेलर लांच



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु अर्जुन मूवी के बैनर तले बनी श्री खाटू श्याम बाबा पर बनी पहली पेन इंडिया फ़िल्म का पोस्टर और ट्रेलर लांच किया गया। सुमन तलवार, मुकेश चौकसे, सुरेन्द्र डाकलिया, के. रवि, बाला साहब गायकवाड़, सुभाष हाड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

देवलिया हुई सम्मानित



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। एशियन इंटरनेशनल क्लब एसोसिएशन की ओर से डॉ. जिनी देवलिया को हेयर एक्सपर्ट के रूप में क्लब में शामिल कर सम्मानित किया गया।

एनजीओ करेगा फूड पैकेट वितरण

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंडियन मॉम्स एनजीओ इसी सप्ताह दीपावली पर्व के दौरान इंदौर सहित 25 शहरों में भोजन पैकेट वितरण का कार्य करेगा। जरूरतमंदों को यह पैकेट भोजन के वितरित होंगे। फूड पैकेट के साथ पटाखे, मिठाई व कपड़ों का वितरण भी होगा। इंदौर में बड़े रूप में यह आयोजन किया जाएगा। अमितसिंह सेंगर ने उक्त जानकारी दी।

कार्यशाला का आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। होम स्टे ओनर्स वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संभाग स्तरीय होम स्टे, फार्म स्टे, ग्राम स्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट पंजीयन शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन होटल में किया गया। धार, खरगोन सहित संभाग के जिलों से सहभागिता हुई।

शहर में अक्टूबर में 10 प्रतिशत अधिक बिजली वितरण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को शहर वृत्त इंदौर अधीक्षण अभियंता मनेंद्र गर्ग ने बताया कि अक्टूबर में शहर की औसत बिजली मांग में दस प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई है। इसी बढ़ी हुई मांग के फलस्वरूप इंदौर शहर में दस प्रतिशत ज्यादा बिजली वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह के दौरान इंदौर शहर में 34 करोड़ यूनिट बिजली वितरण किया गया।

गुमास्ता लाइसेंस के लिए अब भवन मालिक का ओटीपी भी जरूरी, इसके बाद जारी होगा दुकान का लाइसेंस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

कमर्शियल प्रॉपर्टी का रिकॉर्ड दुरुस्त करेगा निगम

शहर में व्यावसायिक संपत्तियों का रिकॉर्ड दुरुस्त करने और आवासीय भवनों में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों को निगम के रिकॉर्ड में लाने के लिए नगर निगम ने गुमास्ता लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया में बदलाव किया है। अब किसी दुकान या व्यावसायिक संस्थान का गुमास्ता लाइसेंस जारी करने से पहले भवन मालिक के मोबाइल पर भी ओटीपी भेजा जाएगा। भवन मालिक की सहमति के बाद ही ओटीपी मिलने पर लाइसेंस जारी हो सकेगा। यानी किराए की दुकान संचालित करने वाले व्यापारियों को लाइसेंस बनवाने के लिए मकान मालिक की सहमति लेना अनिवार्य होगा।

बगैर लाइसेंस व्यापार बढ़ेगा

निगम की इस नई व्यवस्था को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं। सबसे बड़ी आशंका यह है कि मकान मालिक व्यावसायिक गतिविधियों की जानकारी निगम तक पहुंचने से रोकने के लिए ओटीपी देने से इनकार कर सकते हैं। दरअसल, शहर में कई ऐसे भवन हैं, जो रिकॉर्ड में आवासीय दर्ज हैं, लेकिन उनमें दुकानें और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। ऐसे मामलों में व्यावसायिक उपयोग की जानकारी मिलने पर निगम संबंधित हिस्से पर कमर्शियल संपत्ति कर लगा सकता है। यही वजह है कि भवन मालिक ओटीपी देने से बच सकते हैं। इसका असर दुकानदारों पर पड़ सकता है। यदि मकान मालिक सहमति नहीं देते हैं तो किराएदार के लिए गुमास्ता लाइसेंस बनवाना मुश्किल होगा। ऐसे में आशंका है कि व्यापारी लाइसेंस बनवाने के बजाय बिना लाइसेंस कारोबार करना जारी रख सकते हैं। इससे निगम के सामने नई चुनौती खड़ी हो सकती है।

अपर आयुक्त बोले- व्यवस्था जारी रहेगी, बिना लाइसेंस दुकानें सील करेंगे

नगर निगम अपर आयुक्त आकाश सिंह ने स्पष्ट किया कि नई व्यवस्था को जारी रखा जाएगा। इसका उद्देश्य आवासीय उपयोग के भवनों में हो रही व्यावसायिक गतिविधियों को निगम के रिकॉर्ड में लाना और दुकानों के लाइसेंस बनवाना है। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस संचालित दुकानों के खिलाफ कार्रवाई के लिए निगम के पास 85 सहायक बिल कलेक्टरों का अमला है। यह टीम बाजारों में सर्वे करेगी और नियमों का पालन नहीं करने वाली दुकानों को सील करने की कार्रवाई भी करेगी।

नेता प्रतिपक्ष बोलीं- मकान मालिक ओटीपी देने से बचेंगे

नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने निगम की नई व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निगम के बिल कलेक्टर प्रत्येक वार्ड में नियमित रूप से नहीं पहुंचते। ऐसे में मकान मालिक लाइसेंस के लिए ओटीपी देने को तैयार नहीं होंगे। उन्हें डर रहेगा कि व्यावसायिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर संबंधित हिस्से पर कमर्शियल टैक्स लगा दिया जाएगा। इससे दुकानदारों को लाइसेंस बनवाने में परेशानी होगी और शहर में बिना लाइसेंस कारोबार बढ़ने की आशंका है।

इनका कहना है

*नई व्यवस्था जारी रहेगी। इसका उद्देश्य आवासीय भवनों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों को रिकॉर्ड में लाना है। बिना लाइसेंस दुकानों का सर्वे कर उन्हें सील करने की कार्रवाई करेंगे। - **आकाश सिंह, अपर आयुक्त***

रामदास महाराज के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। सिखों के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु महाराज के बताए सेवा, समर्पण, भाईचारे और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। खालसा चौराहा स्थित गुरुद्वारे से प्रारंभ हुआ नगर कीर्तन शहर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ स्कीम नंबर-111 स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचा। सुरेन्द्र पाल ने उक्त जानकारी दी।



उमराह से वापस लौटे तो हुआ इस्तकबाल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। 50 मुस्लिम समाजजनों का धार्मिक जत्था उमराह धार्मिक यात्रा पर गया था। यह जत्था वापस इंदौर लौटा तो उनके इस्तकबाल का आयोजन किया गया। वसीम नूरी, शाहिद नूरी, मुश्ताक खान सहित अन्य मौजूद थे।

वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान और दशहरा मिलन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विश्राम बाग रिलेक्स म्यूजिकल एवं सामाजिक सांस्कृतिक समूह सुदामा नगर ने माता आनंदेश्वरी उद्यान सुदामा नगर में दशहरा मिलन का आयोजन किया, जिसमें ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य रमेश शर्मा, महेश नामदेव, रूपेश भैया, अजय जैन का वर्षगांठ उत्सव मनाया। गीत-संगीत का आयोजन भी हुआ। शानू, बाबू, राजेन्द्र मेहता, मनीष गुप्ता, अनिल गुप्ता, श्रीकांत, विनोद राठौर, मोहन, ओपी भोपे, मनोज, मुकेश पांचाल, अमर मदान सहित अन्य मौजूद थे।

स्कूल निर्माण को लेकर रहवासियों का विरोध

मौके पर पहुंची पुलिस



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर के स्कीम नंबर 103 में आंगन हॉस्टल के पीछे मेडिकैप्स कॉलेज की ओर से स्कूल का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय रहवासियों में नाराजगी है। रहवासी संघ के सदस्य इसका विरोध कर रहे हैं और मौके पर एकत्रित होकर निर्माण कार्य रोकने की मांग कर रहे हैं। विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। रहवासियों का कहना है कि वे स्कूल निर्माण का विरोध कर रहे हैं। वहीं, पुलिस अधिकारियों द्वारा स्कूल का काम जारी रखने की बात कही जा रही है। रहवासियों का कहना था कि पुलिस कब से जमीन का कब्जा दिलाने लगी है। फिलहाल क्षेत्र में विरोध की स्थिति बनी हुई है।

जल सुरक्षा विषय पर परिचर्चा



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्टेट प्रेस क्लब, म. प्र. द्वारा जल संकट से जल सुरक्षा विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। भूवैज्ञानिक सुधीन्द्र मोहन शर्मा ने कहा कि इंदौर शहर की अपनी कोई नदी नहीं है। हम नर्मदा नदी से पानी उधार लेते हैं। इंदौरवासियों के लिए पानी का एकमात्र स्त्रोत भूजल ही है। आज से 75 वर्ष पूर्व शहर में कुएं-बाबड़ी के माध्यम से जल प्रदाय और जल संग्रहण का कार्य होता था। इसके कुछ वर्षों बाद हैण्डपम्प युग आया जिसमे हमें 30 से 75 फीट गहराई पर पानी मिलने लगा। इसी दौर में कुछ तालाब भी बनायें गए। आज पानी का जल स्तर हजार फीट तक चला गया है जो विस्फोटक स्थिति है।नर्मदा जल के असमान वितरण से और जल संकट गहराएगा, जल के कुप्रबंधन को रोकने के लिए ठोस नीति बनाना जरूरी है।

संपादकीय

डिजिटल डकैती पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, बैंक की नाकामी पर पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा?

डिजिटल धोखाधड़ी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त हो गया है। बैंक की लापरवाही पर पीड़ितों को पूरा मुआवजा मिलने और वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही तय करने का मुद्दा भा उठा है, और ऑनलाइन ठगी रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई है। देश की अर्थव्यवस्था को डिजिटल बनाने के लिए हर स्तर पर व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि आनलाइन माध्यम से धन के लेन-देन में तेजी से विस्तार हो रहा है। आज लोग घर बैठे पैसे भेजने, बिल का भुगतान, खरीदारी और बैंकिंग जैसी सेवाओं के लिए विभिन्न डिजिटल मंचों का इस्तेमाल करते हैं। इंटरनेट बैंकिंग ने निश्चित तौर पर आर्थिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाया है, मगर इसके जोखिमों का दायरा जिस तरह फैलता जा रहा है, वह गंभीर चिंता का विषय है। साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों की मेहनत की कमाई को एक झटके में उड़ा ले जाते हैं। इस तरह की वारदात का अफसोसनाक पहलू यह है कि इसमें बैंकों की कोई जवाबदेही नहीं रहती है, भले ही तकनीकी तौर पर उनकी खामियां भी इसके लिए जिम्मेदार हों। इसी चिंता को रेखांकित करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने बीते गुरुवार को स्पष्ट कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों में यदि किसी वित्तीय संस्थान की उचित जांच-पड़ताल में नाकामी के कारण अपराध हुआ है, तो पीड़ितों को कम-से-कम गंवाई गई रकम के बराबर मुआवजा मिलना चाहिए। डिजिटल धोखाधड़ी का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि साइबर अपराधी लोगों की तकनीकी जानकारी की कमी और उनके विश्वास का फायदा उठाते हैं। कभी बैंक अधिकारी बनकर फोन किया जाता है, तो कभी केवाईसी अपडेट करने, बिजली का कनेक्शन काटने या किसी सरकारी योजना का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों को जाल में फंसाया जाता है। फर्जी लिंक, नकली वेबसाइट, सोशल मीडिया संदेश और मोबाइल एप के माध्यम से भी ठगी की जाती है। कई बार तो किसी जांच एजंसी के नकली अधिकारी बनकर लोगों को 'डिजिटल अरेस्ट' करके धन की उगाही कर ली जाती है। शीर्ष अदालत ने इसे 'डिजिटल डकैती' बताते हुए कहा है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। अदालत का इस बात पर हैरानी जताना भी उचित है कि व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के दावों के बावजूद पढ़े-लिखे लोग इस तरह की साइबर धोखाधड़ी का शिकार कैसे हो रहे हैं! इससे सरकार के दावों और हकीकत के बीच अंतर का पता चलता है। इसे सरकार की नीतिगत विफलता ही माना जाएगा कि एक तरफ लोगों को डिजिटल भुगतान के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा रहा है, दूसरी ओर इसके तकनीकी जोखिमों से निपटने के लिए न तो व्यवस्था के स्तर पर प्रभावी उपाय नजर आते हैं और न ही आम लोगों की डिजिटल साक्षरता को लेकर गंभीरता दिखाई देती है। यहां तक कि बैंकों जैसी वित्तीय संस्थाओं की जवाबदेही तय करने की जरूरत भी महसूस नहीं की गई है। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि भारतीय रिजर्व बैंक के प्रस्तावित नियामकीय ढांचे में साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम, मुआवजे और वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही के स्पष्ट प्रावधान होने चाहिए। जाहिर है, बैंकों की भूमिका केवल डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं हो सकती। उन्हें संदिग्ध लेन-देन की पहचान करने वाली प्रणालियों को मजबूत करने के साथ ही असामान्य गतिविधियों पर तुरंत चेतावनी और ग्राहकों की शिकायतों का जल्द निपटारा भी सुनिश्चित करना चाहिए। इसमें दोराय नहीं कि डिजिटल तकनीक ने देश में आर्थिक गतिविधियों को गति दी है, लेकिन इसका सुरक्षित होना भी उतना ही आवश्यक है। देश भर में धार्मिक आयोजनों, उत्सवों और सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान भगदड़ की घटनाएं गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। हर बार ऐसी घटनाओं के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठते हैं, जांच के आदेश दिए जाते हैं और भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के दावे किए जाते हैं। मगर सरकारी तंत्र की ओर से दिखाई जाने वाली यह सक्रियता और सतर्कता वक्त के साथ शिथिल पड़ जाती है।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
140500	138650
सिल्वर कैश	एमसीएक्स
182000	180500

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

पुलिस चेकिंग में 6 आरोपी गिरफ्तार

धारदार हथियार भी जब्त



इंदौर। शहर में नागरिकों की सुरक्षा और आगामी त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विजय नगर थाना पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने वीकेंड पर असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए हॉटस्पॉट और शैडो एरिया में अंडरकवर निगरानी, टू-व्हीलर पेट्रोलिंग और ड्रोन सर्विलांस के जरिए चेकिंग की। इस दौरान लोकशांति भंग करने का प्रयास करने वाले 4 आरोपियों और धारदार हथियार लेकर घूम रहे 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, लोकशांति भंग करने का प्रयास करने पर देवेश कुशवाह निवासी मालवीय नगर, गौतम गौसर निवासी गुरुनगर, रितिक मालवीय निवासी कृष्णबाग कॉलोनी और सूरज भिलवारे निवासी महेशबाग कॉलोनी को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। वहीं दूसरे मामले में सघन चेकिंग के दौरान पुलिस ने नवीन नीनामा निवासी बदनावर, जिला धार और लोकेश शर्मा उर्फ मॉडल निवासी रामकृष्णबाग कॉलोनी को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से अवैध धारदार हथियार बरामद हुए। विजय नगर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।



'दादा ठाकुर' लिखवाना पड़ गया महंगा

इंदौर. सिटी ब्लास्ट। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच मरीमाता चौराहा पर थाना प्रभारी राधा यादव ने अनियमित नंबर प्लेट के कारण एक बाइक सवार को रोका, बाइक पर नंबर प्लेट पर दादा ठाकुर लिखा हुआ था। टीआई यादव ने बाइक सवार पर चालानी कार्रवाई की। इसके अलावा चंदन नगर चौराहा पर सेवा सेतु शिक्षा एवं जनकल्याण समिति के सदस्यों के साथ ट्रैफिक पुलिस ने यातायात जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट, कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी गई। वाहन चलाते वक्त मोबाइल पर बात नहीं करने के लिए भी चालकों को कहा गया।

शोरूम में पेट्रोल की मात्रा को लेकर हंगामा

कर्मचारी और मैनेजर ने ग्राहक के साथ की मारपीट

इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र में एयरपोर्ट रोड स्थित टीवीएस शोरूम पर गाड़ी में पेट्रोल की मात्रा जांचने की बात को लेकर हंगामा हो गया। शोरूम के मैनेजर और कर्मचारियों ने मिलकर एक ग्राहक के साथ बदसलूकी की और शोरूम के बाहर बुलाकर उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान मुक्का लगने से युवक की आंख पर गंभीर चोट आई है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी धीरज पिता अशोक लिम्बा, निवासी वृंदावन कॉलोनी की शिकायत पर आरोपी शोरूम मैनेजर राहुल पंवार निवासी नंदबाग कॉलोनी, कर्मचारी अमन मकवाना निवासी शांति नगर, छोटा बांगड़दा रोड, यश व्यास और विशाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।फरियादी धीरज ने पुलिस को बताया कि जब शोरूम का कर्मचारी गाड़ी में पेट्रोल डालकर उन्हें देने आया, तो उन्होंने पूछा कि कितना पेट्रोल डाला है। इस पर कर्मचारी ने कहा कि डेढ़ लीटर डाला है। धीरज ने साथी चंदन यादव से कहा कि आप चेक करवा लो, अगर डेढ़ लीटर निकल जाए तो मैं अपनी मूछ मुड़वा लूंगा। इसी बात को लेकर शोरूम का मैनेजर राहुल पंवार अंदर से बाहर आया और कहने लगा कि हमारी ग्राहकी बिगाड़ रहे हो और गालियां देने लगा।जब धीरज ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपी मैनेजर ने उसे बाहर आने की धमकी दी। फरियादी जैसे ही शोरूम के बाहर आया, तभी कर्मचारी अमन मकवाना ने पीछे से आकर उसकी दाहिनी आंख पर जोर से मुक्का मार दिया। इसके बाद यश व्यास, विशाल और अन्य आरोपियों ने भी उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की।

पीडीएफ फाइल डाउनलोड करते ही खाते से उड़ाए 2.41 लाख

इंदौर। कनाड़िया इलाके में मोबाइल पर संदिग्ध पीडीएफ फाइल भेजकर फोन का पूरा कंट्रोल अपने हाथ में लेकर शातिर ठगों ने महिला के खाते से सवा दो लाख रुपए से अधिक की रकम पर हाथ साफ कर दिया।

पुलिस के अनुसार, घटना कनाड़िया थाना क्षेत्र के बिचौली मर्दाना इलाके की है। यहां रहने वाले प्रवीण कानूनगो पिता बाबूलाल कानूनगो ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी पत्नी के मोबाइल पर किसी अज्ञात नंबर से एक पीडीएफ फाइल भेजी गई थी। जैसे ही उनकी पत्नी ने उस फाइल को डाउनलोड किया, उनका फोन तुरंत हैक हो गया। कुछ ही देर में खाते से ऑनलाइन 2 लाख 41 हजार रुपए किसी अन्य बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिए गए। परिवार को इस शातिरना खेल की भनक तब लगी, जब अगले दिन सुबह बैंक से ट्रांजेक्शन के मैसेज आए। तब तक बहुत देर हो चुकी थी और ठग सारी रकम उड़ा चुके थे। कनाड़िया पुलिस ने प्रवीण की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब उस मोबाइल नंबर और संदिग्ध बैंक खाते की तकनीकी डिटेल खंगाल रही है, जिसमें रकम ट्रांसफर हुई है, ताकि जल्द से जल्द आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

5.20 लाख की एमडी ड्रग्स मामले में लंबे समय से फरार आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने 52.71 ग्राम एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे सह-आरोपी को धर दबोचा है। पकड़ा गया आरोपी 10 से अधिक गंभीर अपराधों में संलिप्त रहा है और पूर्व में हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट जैसे मामलों में नामजद है।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान इरशाद उर्फ भय्यू निवासी भिस्ती मोहल्ला, सदर बाजार के रूप में हुई है। आरोपी 6ठीं तक पढ़ा-लिखा है और ऑटो डीलिंग का काम करता है। उल्लेखनीय है कि बीते 25 अगस्त को क्राइम ब्रांच की टीम ने डीआरपी लाइन अस्पताल के सामने, शांतिपथ रोड पर घेराबंदी कर आरोपी फैजान पठान उर्फ बारीक निवासी सदर बाजार को 52.71 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 5 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई थी।पकड़े गए मुख्य आरोपी फैजान पठान से कड़ाई से पूछताछ और विवेचना के दौरान इस बात का खुलासा हुआ था कि इस अवैध ड्रग्स तस्करी में इरशाद उर्फ भय्यू भी पूरी तरह शामिल था। वारदात के बाद से ही आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। क्राइम ब्रांच ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले में धारा 8/29 एनडीपीएस एक्ट का इजाफा कर उसे आरोपी बनाया गया है।पुलिस रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि गिरफ्तार आरोपी इरशाद उर्फ भय्यू आदतन अपराधी है।



उसके खिलाफ शहर के सदर बाजार, एमजी रोड, संयोगितागंज, जूनी इंदौर और पंढरीनाथ थानों में हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखने, अड़ीबाजी, मारपीट और जुआ एक्ट के तहत कुल 10 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। फिलहाल क्राइम ब्रांच पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है, ताकि एमडी ड्रग्स की मूल सप्लाई चेन, मुख्य नेटवर्क और इस काले कारोबार से जुड़े अन्य सहयोगियों का पता लगाया जा सके।

रोहित, ओमप्रकाश, तपन उम्दा जीत के साथ सेमीफाइनल में

आदित्य व उमेश 45 वर्ष आयु के प्री-क्वार्टर फाइनल में

इंदौर। टेनिस कोर्ट पर देश-दुनिया के मास्टर्स सितारे अपने अनुभव और अपनी कला का जो प्रदर्शन कर रहे है, यह दिखाता है कि खेल के मैदान पर अब भी उनका कोई सानी नहीं हैं। वे अपनी उम्र का धाता बताकर कोर्ट पर जो चलह कदमी कर रहे है वह देखने लायक है । भारतीय टेनिस संघ व मध्यप्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित तथा मोयरा सरिया व येलो डायमण्ड द्वारा प्रायोजित वर्ल्ड टेनिस इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन एमटी 700 मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में स्थानीय खिलाड़ी देश-विदेश से आए जाने-माने खिलाड़ियों के सामने अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन कर रहे है।



प्रदेश के स्थानीय खिलाड़ी रोहित रावत, तपन शर्मा, ओम प्रकाश दीक्षित ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखा और जीत हासिल करते हुए एकल वर्ग के अपने आयु वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इंदौर टेनिस क्लब में खेले जा रहे इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एमटी 700 मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में स्थानीय खिलाड़ी रोहित रावत ने 55 वर्ष आयु वर्ग में अपना शानदार सफर जारी रखा है और उन्होंने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फिर बड़ा उलटफेर करते हुए पांचवीं वरीयता प्राप्त सुधीर गोथे को 6-4, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूरे मैच में रोहित अपनी लय बरकरार रखी । पहले सेट में सुधीर ने थोड़ा संघर्ष कराया, लेकिन दूसरे सेट में रोहित पूरी तरह हावी रहे।

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के सामने अगली चुनौती इंग्लैंड की है। 13 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच व्हाइट बॉल सीरीज की शुरुआत होगी। पहले दोनों टीमें 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। इसके बाद 21 नवंबर से 5 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले जाएंगे। इन दोनों सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है।

ऑस्ट्रेलिया ने अपने प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस का आराम दिया है। दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया की टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज भी खेलनी है। वनडे में माहली बियर्डमैन को शामिल किया गया है। 21 साल के इस तेज गेंदबाज के नाम 11 फर्स्ट क्लास मैचों में 21 विकेट हैं। हाल ही में भारत दौरे पर इंडिया ए के बल्लेबाजों को उन्होंने काफी परेशान किया था। वह टी20 टीम का भी हिस्सा हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम में 18 महीने वाले युवा ओपनर जेक फ्रेजर मैकगर्क की वापसी हुई है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले साल जुलाई में अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। टी20 टीम में अनकैप्ड लैचलान शॉ के साथ ही सैम हार्पर को शामिल किया गया है। वनडे का सथ ही टी20 इंटरनेशनल में स्पिन गेंदबाजी की कमान अनुभवी एडम जम्पा के पास होगी। तेज गेंदबाज नाथन एलिस पर्थ में शुरू होने वाली सीरीज के वनडे मैचों में नहीं खेल पाएंगे। वे सितंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगी साइड स्ट्रेन से अभी तक नहीं उबर पाए हैं। टेस्ट के प्रमुख खिलाड़ी ट्रेविस हेड, मैट रेनशॉ, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस और कूपर कोनोली सिर्फ वनडे सीरीज में ही हिस्सा लेंगे। उन्हें टी20 से आराम दिया गया है।

ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम: मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, माहली बियर्डमैन, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, जैक एडवर्ड्स, कैमरून ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, ओली पीक, मैथ्यू रेनशॉ, लियाम स्कॉट, एडम जम्पा।

ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम: मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, माहली बियर्डमैन, निखिल चौधरी, टिम डेविड, जोएल डेविस, जैक एडवर्ड्स, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, सैम हार्पर, स्पेंसर जॉनसन, मिच ओवेन, लैचलान शॉ, एडम जम्पा।

किसानों को मिले पुरस्कार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। किसान कल्याण स्वाभिमान पर्व विजन के अन्तर्गत खेती में नवाचार करने वाले किसानों को सम्मान और पुरस्कार दोनों मिले। इनमें जितेन्द्र पिता प्रहलादसिंह मौर्य ग्राम बछोडा देपालपुर, गोपालसिंह पिता रुमचंद चौधरी निवासी ग्राम कराडिया हातोद, शैलेन्द्र पिता गोकुलसिंह निवासी नैनोद को पुरस्कृत किया गया। वहीं किशोर यादव कुक्षी जिला धार, हरिसिंह चौहान ग्राम बक्साना पीथमपुर, उदय पाटीदार ग्राम एकलरखुर्द धरमपुरी को पुरस्कृत किया गया। वहीं श्याम पाटीदार ग्राम डोंगरगांव खरगोन, संगीता पाटीदार ग्राम राजुर खरगोन, रामविलास बिरला ग्राम भोगांव सनावद विजेता बने। सम्भाग के अन्य जिलों में भी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

मालवा मिल पुलिस चौकी से राजकुमार ब्रिज तक अब लगेगी दुर्घटना पर रोक

इंदौर। विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत मालवा मिल चौराहे पर पुलिस चौकी के पास से लेकर राजकुमार ब्रिज तक के लंबे हिस्से में अब आए दिन होने वाली दुर्घटनाएं और हादसें रोकने के लिए निगम ने व्यापारियों की मांग पर एक जैसे डिवाइडर बनाने का काम शुरू कर दिया है। जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया द्वारा संत बालीनाथ चौराहे से लेकर राजकुमार ब्रिज तक के हिस्से के व्यापारियों की मांग पर इस क्षेत्र में आए दिन होने वाली दुर्घटनाएं और छोटे - मोटे हादसों को रोकने के लिए यहां सालों पुरानी टूटी - फूटी आधी - अधूरी जालियां उखाड़कर एक फीट के बजाय अब तीन फीट चौड़े एक जैसे डिवाइडर बनाने को लेकर खुदाई कर डिवाइडर निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया है।

बरसों पुराने 1 फीट के बजाय अब 3 फीट चौड़े एक जैसे बन रहें डिवाइडर

पर्दा मार्केट लेकर ब्रिज के आधे हिस्से में होने लगे तैयार

वहीं खास बात यह है कि पर्दा ब्लांकेट मार्केट से लेकर राजकुमार ब्रिज तक के आने से ज्यादा हिस्से में एक जैसे डिवाइडर निर्माण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है और यहां डिवाइडर बनकर तैयार भी होने लगे है। वहीं अब दूसरी तरफ इंदौर समाचार प्रेस से लेकर मालवा मिल चौकी तक के हिस्से में सालों पुराने लोहे के आधे अधूरे डिवाइडर और कट को तोड़कर क्षेत्रीय पार्षद पहाड़िया के प्रयासों से निगम द्वारा एक जैसे मजबूत 3 फीट ऊंचे डिवाइडर निर्माण का कार्य इन दिनों तेजी के साथ किया जा रहा है।

तैयार डिवाइडर के बीच नजर आएगी खूबसूरती और हरियाली

यही नहीं बड़ी बात यह है कि तैयार डिवाइडर के बीच अब आने वाले दिनों में एक से बढ़कर एक पेड़ पौधे लगाकर शानदार हरियाली का काम किया जाएगा। जिससे स्मार्ट पर हरियाली के साथ खुबसूरती भी नजर आएगी।

दीपावली से पहले महंगे हुए सभी तरह के स्मार्ट फोन

विवो, ओपो, सैमसंग, रियलमी सहित सभी मोबाइल्स कंपनियों ने बढ़ा दिए प्राइस

5000 से 10 हजार तक बढ़ गए दाम

इंदौर। दीपावली से पहले इस बार 5 हजार से लेकर 10 हजार तक मोबाइल फोन महंगे होने से ग्राहकी और मोबाइल फोन बिकने पर साफ असर दिख रहा है। आम आदमी की जेब पर मोबाईल के दाम बढ़ने का असर साफ नजर आ रहा है। भले ही कोई भी व्यक्ति किस्त में किसी भी कंपनी का मोबाइल खरीद सकता है। लेकिन मोबाइल फोन की कीमत में इतना ज्यादा इजाफा होने का असर इन दिनों दिवाली के समय दुकानों पर साफ दिख रहा है।

नया फोन खरीदने वालों को लगा झटका

दरअसल दीपावली से पहले नवरात्रि - दशहरा के दौरान ही ज्यादातर मोबाइल्स कंपनियों ने अपने प्राइस बढ़ा दिए है। जिससे त्यौहारों के समय नया मोबाइल फोन खरीदने वाले लोगों को बड़ा झटका लगा है। त्योहारों के समय पिछले दिनों नवरात्रि के दौरान ही मोबाइल्स फोन के दाम बढ़ने से ग्राहकों को जबरदस्त झटका लगा है। जिससे दीपावली पर लोग अपना फोन बदलकर नया मोबाइल लेने का प्लान बना रहे थे। उन सबके सामने अब बजट बढ़ने का संकट खड़ा हो गया है। 15 से 20 हजार वाला स्मार्ट फोन 25 से 30 हजार में आ रहा है। वहीं 30 हजार से ज्यादा कीमत वाला फोन अब 40 से 45 हजार तक पहुंच गया है। वहीं वीवो, ओपो, रेडमी, रियलमी, सेमसंग एलजी जैसे बड़े ब्रांड के मोबाइल फोन भी दाम बढ़ने के बाद 5 से लेकर 10 हजार तक महंगे हो गए।

कीमत बढ़ने के बाद गिफ्ट और ऑफर के सहारे ग्राहकी

खास बात यह है कि कंपनियों द्वारा मोबाइल के प्राइस बढ़ाने के बाद ऑनलाइन के जमाने में मोबाइल के दाम बढ़ने से ग्राहकी में कमी को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में बाजार में सभी मोबाइल दुकानदारों द्वारा अपने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए ऑफर और गिफ्ट की झड़ी लगा दी है। हर एरिया के दुकानदार अपने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए हर महंगे मोबाइल के साथ कई तरह के गिफ्ट ऑफर का प्रलोभन देकर ग्राहकों को मोबाइल फोन खरीदने के लिए आकर्षित कर रहें है। त्यौहारों से पहले ज्यादातर दुकानदारों ने 30 हजार से ऊपर के मोबाइल फोन खरीदी पर कई तरह के ऑफर और डिस्काउंट के साथ रिटर्न गिफ्ट देने की स्कीम चला रखी है। यही नहीं दिवाली के लिए भी कई तरीके स्कीम और नए आकर्षक ऑफर दिए जा रहें है। भले ही दुकानदार ग्राहकों का आकर्षित करने के लिए कई ऑफर और स्कीम की झड़ी लगा रहे हो लेकिन हकीकत क्या है कि अभी वर्तमान में सभी मोबाइल कंपनियों ने 5 से 10 हजार और कई बड़े मोबाइल्स पर 15 हजार तक दाम बढ़ा दिए है। जिसका असर आम आदमी के बजट पर दीपावली के समय सीधे पड़ रहा है। यही नहीं आई फोन तो 30 से 40 हजार तक महंगे हो गए जिसका असर महंगे मोबाइल खरीदने वाले बड़े लोगों पर पड़ा है।

मूसाखेड़ी क्षेत्र में बदल रहे नई डीपी और ट्रांसफार्मर

दीपावली से पहले लोड कम करने के लिए तेजी से चल रहा काम

इंदौर। मूसाखेड़ी क्षेत्र में डेली कॉलेज विद्युत जोन द्वारा दीपावली से पहले चिड़ियाघर के आसपास अहिल्यापुरी, पंचशील कॉलोनी, रेडियो कॉलोनी, मयूर नगर सहित मूसाखेड़ी क्षेत्र के आस-पास दिवाली के समय बिजली का लोड कम करने तथा ओवरलोडिंग की समस्या से निजात दिलाने के लिए इन दिनों नवीन ट्रांसफार्मर और लाइन डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स (डीपी) लगाने का का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। खास बात यह है कि इससे क्षेत्र में बढ़ती बिजली की मांग और ओवरलोड के कारण बार-बार होने वाले लाइन ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेंगी। साथ ही बिजली विभाग द्वारा बिजली वितरण क्षमता में सुधार की योजना के तहत यह कदम उठाया जा रहा है।



दीपावली पर बढ़ेगा ट्रांसफार्मर और डीपी पर लोड,पहले से तैयारी-इधर बड़ी बात यह है कि दीपावली पर क्षेत्र के सभी ट्रांसफार्मर और डीपी पर लोड बढ़ेगा। इस बात को ध्यान रखते हुए विभागीय अफसर द्वारा पहले से अपने स्तर पर डेली कॉलेज विद्युत जोन और नवलखा जोन के अंतर्गत आने वाले प्रमुख क्षेत्र में चिड़ियाघर संवाद नगर गोल चौराहे के आसपास, आजाद नगर, मूसाखेड़ी मयूरनगर, खाती मोहल्ला सहित अन्य एरिया में दिवाली से पहले संभावित बढ़ाने वाले लोड को कम करने के लिए डीपी और ट्रांसफार्मर बदलने का काम तेजी के साथ चल रहा है। जिसे दीपावली के समय लोगों को बार-बार होने वाली बिजली गुल और वोल्टेज कम की समस्या से निजात मिलेगी। इसको लेकर विभाग द्वारा महीने भर पहले से तैयारी शुरू कर दी गई थी, जिसके तहत आधे से ज्यादा हिस्से में ट्रांसफार्मर और डीपी बदलने का काम लगभग पूरा भी हो चुका है वही शेष बचे हिस्से में तेजी के साथ काम चल रहा है।

कप्तान के आकलन को जीत-हार तक सीमित नहीं रखा जा सकता



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने नए टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर की कप्तानी की जमकर सराहना की है। अय्यर के कप्तानी रिकॉर्ड को लेकर उठे सवालों के बीच गंभीर ने स्पष्ट किया कि किसी भी कप्तान के आकलन को केवल जीत और हार के आंकड़ों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद श्रेयस की नेतृत्व क्षमता को शानदार करार देते हुए युवाओं के साथ तालमेल बिठाने के लिए उनकी तारीफ की।

अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो श्रेयस अय्यर का कप्तानी रिकॉर्ड कागज पर उतना आकर्षक नजर नहीं आता। उन्होंने अब तक 26 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत की कमान संभाली है जिनमें से टीम को 14 में जीत और 10 में हार मिली है। पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव के आंकड़ों से तुलना की जाए जिन्होंने 52 मैचों में 40 जीत और सिर्फ 8 हार दर्ज की थीं तो यह अंतर साफ दिखता है। हालांकि, गंभीर का मानना है कि इन आंकड़ों से परे उन परिस्थितियों को देखना जरूरी है जिनमें अय्यर ने कप्तानी की है।

गौतम गंभीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें टी-20 के बाद अय्यर की कप्तानी का बचाव करते हुए कहा, गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव की इतनी कमी के बावजूद श्रेयस ने बेहतरीन काम किया है। एक कप्तान के तौर पर आप केवल उतने ही अच्छे होते हैं जितना कि आपके गेंदबाज या बल्लेबाज प्रदर्शन करते हैं। विशेष रूप से एक गैर-अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण के साथ, मुझे लगता है कि उन्होंने असाधारण काम किया है।

अय्यर को ऐसे समय में टीम की कमान सौंपी गई है जब टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम आगामी विश्व कप को ध्यान में रखते हुए बदलाव के दौर से गुजर रही है। इस बदलाव के तहत नए और युवा खिलाड़ियों को तराशने के लिए लगातार मौके दिए जा रहे हैं। विदेशों के कठिन दौरों पर नई परिस्थितियों और युवा गेंदबाजों के साथ तालमेल बिठाना किसी भी कप्तान के लिए आसान नहीं होता।


अब टी-20 मैच के लिए करना होगा डेढ़ माह का इंतजार

नई दिल्ली। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का आखिरी मुकाबला हार गई। हालांकि इस हार के बाद भी टीम ने टी20 सीरीज पर कब्जा जमा लिया। न्यूजीलैंड दौरे पर भारत ने 5 टी20 मैच खेले। भारतीय टीम सितंबर से लगातार इस फॉर्मेट के मुकाबले खेल रही है। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज जीत के बाद टीम जापान गई। वहां एशियन गेम्स में गोल्ड जीता। फिर वेस्टइंडीज से 5 मैचों की सीरीज हुई। 22 अक्टूबर से न्यूजीलैंड दौरे की शुरुआत हुई थी। भारतीय टीम को अगला टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने के लिए अब इंतजार करना होगा। अभी न्यूजीलैंड में वनडे के बाद टेस्ट सीरीज होगी। अगले महीने श्रीलंका की टीम को भारत का दौरा करना है।

पंड्या ने लिया चैलेंज, जीते 95 लाख, जरूरतमंदो को किए डोनेट

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या लंबे समय से मैदान से दूर चल रहे हैं। आखिरी बार हार्दिक आईपीएल 2026 में नजर आए थे। इंजरी की वजह से बाहर चल रहे हार्दिक लगातार चर्चा में रहते हैं। आईपीएल 2027 से पहले उनके ट्रेड होने की खबरें आ रही हैं। अभी वह मुंबई इंडियंस के कप्तान हैं लेकिन माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी से अलग हो सकते हैं।क्रिकेट के मैदान से दूर रहने के बाद भी हार्दिक पंड्या का जलवा बरकरार है। उन्होंने यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट के साथ बेसबॉल चैलेंज में हिस्सा लिया और उन्हें हराकर 1 लाख अमेरिकी डॉलर यानी करीब 95 लाख रुपये जीते। हार्दिक ने इस पैसों को अपने पास रखने की जगह जरूरतमंदो को डोनेट कर दिया। अमेरिकी कॉन्टेंट क्रिएटर मिस्टर बीस्ट ने अपने एक वीडियो में अलग-अलग खेलों के दिग्गज खिलाड़ियों को शामिल किया था। इसी चुनौती का हिस्सा हार्दिक भी बने। इस चैलेंज में खिलाड़ियों को बेसबॉल को मैदान के बाहर पहुंचाने यानी होम रन लगाने थे। मुकाबले में जिस खिलाड़ी ने ज्यादा होम रन लगाए, उसे विजेता बनना था।





इन्दौर के क्रिकेट अंपायरों को सफलता

इंदौर। एमपीसीए द्वारा आयोजित स्टेट पेनल अम्पायरिंग परीक्षा में इन्दौर के सात अम्पायरों ने सफलता हासिल कर इंदौर शहर का गौरव बढाया । सफल अम्पायरों में इंदौर के मोहम्मद फैज कुरेशी, अभिषेक अमेरिया, दीपक शर्मा, अनिरूद्ध भटट एवं संजना आवासे शामिल है । वही पिछल परीक्षा में प्रोवीजन पर रखे गये विवेक चैधरी एवं अमनदीप बाली ने भी सफलता हासिल की । ज्ञातव्य है कि इंदौर में स्टेट पैनल अम्पायर एवं बीसीसीआई अम्पायरों की संख्या सबसे ज्यादा है।

अनय एवं सारांश के उम्दा प्रदर्शन से देव्ज एकेडमी की शानदार जीत

इंदौर । आईडीसीए द्वारा आयोजित एवं एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एमपीसीए अंडर-22 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत देव्ज एकेडमी एवं एसवीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एसवीसीए ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 59 ओवरो में सभी विकेट खोकर 164 रन बनाये। हार्दिक तिवारी ने 85 रन बनाये। सारांश सुराना ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिये। जवाब में देव्ज एकेडमी ने अपनी पहली पारी में 68 ओवरो में 9 विकेट खोकर 343 रन बनाकर पारी समाप्ती की घोषणा की और 177 रनों की महत्वपूर्ण बढत हासिल की । अनय मिश्रा ने शानदार पारी खेलते हुए 148 रन एवं आदित्य भंडारी ने 60 रन बनाये। रवि तिवारी ने 5 विकेट लिये। जवाब में खेल समाप्त होने तक एसवीसीए की टीम ने 44 ओवरो में 4 विकेट पर 165 रन बना लिये थे। उदितराज मौर्य ने नाबाद 79 रन बनाये।

सीनियर फेंसिंग स्पर्धा में आशमी, आयुषी और शिनम बनीं विजेता



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्कूल में आयोजित जिला सीनियर फेंसिंग प्रतियोगिता में आशमी चौहान, आयुषी बोरासी और शिनम खान ने प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। इंदौर फेंसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष आर्य ने बताया कि फॉइल इवेंट में आशमी चौहान ने इशिका वर्मा को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं ईपी इवेंट में आयुषी बोरासी ने तनुश्री हार्डिया को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। सेबर इवेंट में शिनम खान ने प्रकृति वासनिक को पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी प्रकार पुरुष वर्ग के ईपी इवेंट में अनय उपाध्याय ने हुजैफा यमन राजावत को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता, जबकि फॉइल इवेंट में आहिल अहमद खान ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

रिंगनोदिया रॉयल्स व बजरंग क्रिकेट क्लब फाइनल में

इंदौर। 'एमपी कुमावत क्रिकेट लीग' में दिन प्रतिदिन रोचक मुकाबले देखने को मिल रहे है । कुमावत समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय यह पहली क्रिकेट लीग का खिताबी मुकाबला रिंगनोदिया रॉयल्स व बजरंग क्रिकेट क्लब नामली रतलाम के मध्य खेला जाएगा ।

बायपास स्थित भंडारी फार्म के पीछे युग क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में पहले सेमीफाइनल में रिंगनोदिया रॉयल्स ने बेहद कशमकश भरे मुकाबले में मारुति नंदन क्रिकेट क्लब भोला को 12 रन से पराजित किया । रिंगनोदिया रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10.5 ओवर में सभी विकेट पर 73 रन बनाए । मारुति नंदन क्रिकेट क्लब भोला ने उम्दा गेंदबाजी करते हुए रिंगनोदिया को पूरे ओवर नहीं खेलने दिए । 74 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मारूति नंदन क्रिकेट क्लब भोला को 11.1 ओवर में सभी विकेट पर 61 रन ही बना सकी । मैन ऑफ द मैच उमेश कुमावत ने घातक गेंदाजी करते हुए 5 विकेट अपने नाम किए।

दिल्ली ने जीता ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

सक्षम त्यागी बने मैन ऑफ द मैच



इंदौर। द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया आईपीएससी अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट-2026 का खिताब द मान स्कूल, दिल्ली ने अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में द मान स्कूल ने मॉडर्न स्कूल, दिल्ली को 6 विकेट से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाय।

फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए मॉडर्न स्कूल, दिल्ली की टीम 15 ओवर में 81 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से माहिर सिंह ने 24 रन और तन्मय चौधरी ने 21 रन बनाए। द मान स्कूल की ओर से सक्षम त्यागी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र 7 रन देकर 5 विकेट हासिल किए, जबकि अभिषेक सिंह ने 28 रन देकर 3 विकेट झटके।

जवाब में द मान स्कूल, दिल्ली ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 9.1 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 83 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। सक्षम त्यागी ने 17 गेंदों पर नाबाद 30 रन तथा सुभाष यादव ने मात्र 8 गेंदों पर 23 रन की तेजतर्रार पारी खेली। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सक्षम त्यागी को फाइनल का मैन ऑफ द मैच चुना गया।

वहीं तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में राजकुमार कॉलेज, राजकोट ने मेजबान द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल को 47 रनों से हराया। राजकुमार कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में 121 रन बनाए। वनराज मालधारी ने 39 और मोइज़ लकड़ावाला ने 31 रन का योगदान दिया। एमराल्ड हाइट्स की ओर से दिव्य वैद्य ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 14 रन देकर 6 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमराल्ड हाइट्स की टीम 74 रन पर सिमट गई। ईशान महाजन ने सर्वाधिक 24 रन बनाए ।

प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में स्कूल के प्रेसिडेंट मुक्तेश सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान कर बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल के खेल अधिकारी अकरम खान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

कलर बेल्ट परीक्षा में 235 खिलाड़ियों ने लिया भाग



इंदौर । इंदौर ताइक्वांडो डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन पिंक फ्लावर स्कूल में किया गया। जिसमें इंदौर जिले के 235 खिलाड़ियों ने भाग लेकर टेस्ट में सफलता अर्जित की। प्रमोशन टेस्ट के निर्णायक आशीष भाटी (4th डेन ब्लैक बेल्ट), स्वप्निल नवले (1st डेन ब्लैक बेल्ट) रहे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत महंत, सचिव विकास सिमरैया ने बधाई दी।

रेती हटाने की बात को लेकर युवक पर ईंट से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आजाद नगर थाना क्षेत्र में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच उपजे विवाद में एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने रिक्शा हटाने को लेकर हुए विवाद के दौरान फरियादी के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और पास पड़ी ईंट उठाकर उसकी नाक पर दे मारी, जिससे गंभीर चोट आई।

पुलिस के अनुसार, फरियादी फैजान पिता अब्दुल हनीफ, निवासी नेतराम का बगीचा, आजाद नगर की शिकायत पर आरोपी इमरान उर्फ पापू निवासी नेतराम का बगीचा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।फरियादी फैजान ने पुलिस को बताया कि बीती शाम आरोपी इमरान उर्फ पापू रिक्शा लेकर वहां आया और उससे कहा कि रेती साइड में कर ले। इस पर फैजान ने जवाब दिया कि थोड़ा सा काम बाकी बचा है, उसे पूरा करने के बाद वह रेती हटा लेगा। इसी बात पर आरोपी भड़क गया और गालियां देने लगा। जब फैजान ने गालियां देने से मना किया, तो इमरान ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से जमकर मारपीट की। बात यहीं नहीं थमी, आरोपी ने पास ही पड़ी एक ईंट उठाकर फैजान की नाक पर दे मारी, जिससे उसकी नाक पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा।

तीसरे दिन भी पकड़ाई एक लाख की ब्राउन शुगर

पुलिस ने नशे के सौदागरों पर कसा शिकंजा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चंदन नगर थाने की टीम ने सिलसिलेवार कार्रवाई करते हुए तीसरे दिन भी एक तस्कर को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 10 ग्राम से ज्यादा ब्राउन शुगर बरामद की है, जिसकी कीमत बाजार में एक लाख पांच हजार रुपये आंकी गई है। शुरुआती पूछताछ में अजमेर कनेक्शन सामने आने के बाद अब पुलिस इस अंतरराज्यीय नेटवर्क के तमाम छोर तलाश रही है।

थाना प्रभारी वेदेन्द्र कुशवाह के अनुसार पुलिस टीम इलाके में गश्त और संदिग्धों की टोह ले रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जगदीशपुरी इलाके के एक खाली मैदान में कोई संदिग्ध युवक मौजूद है। पुलिस ने बिना देर किए घेराबंदी की और उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान केशव नगर निवासी आमिर उर्फ चोटी पिता महबूब खान के रूप में दी। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 10.66 ग्राम ब्राउन शुगर हाथ लगी। खास बात यह है कि पकड़ा गया आरोपी शातिर किस्म का है और



उसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला गया है। पुलिस के अनुसार, आमिर के खिलाफ चंदन नगर के अलावा एमजी रोड थाने में भी आबकारी अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल चार गंभीर मामले दर्ज हैं। फिलहाल चंदन नगर थाने में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने उसे रिमांड पर लिया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह यह खेप कहां से लेकर आता था और इस अवैध कारोबार में उसके साथ और कौन-कौन लोग संलिप्त हैं।

शादी से देर से आने पर पड़ोसी ने दांतों से चबाया युवक का अंगूठा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के मालवा मिल चौराहे के पास एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। शादी के कार्यक्रम से देर से आने जैसी मामूली बात पर हुए विवाद में एक युवक ने दूसरे युवक के साथ गाली-गलौज की और गुस्से में आकर उसका अंगूठा अपने मुंह में दबाकर दांतों से काट लिया।

पुलिस के अनुसार, फरियादी आकाश उर्फ अक्कू पिता अर्जुन गोरे, निवासी शिवाजी नगर की शिकायत पर आरोपी बापू पवार निवासी शिवाजी नगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।फरियादी आकाश ने पुलिस को बताया कि वह एम.एल. टावर मालवा मिल के पास मौजूद था, तभी वहां उसका पड़ोसी बापू पवार मिला। आरोपी उससे सवाल करने लगा कि तू कल शादी से इतनी देर से क्यों आया? इस पर आकाश ने जवाब दिया कि मेरी मर्जी, जब मैं चाहूं तब आऊं, इससे तुम्हें क्या करना है।इसी बात से नाराज होकर आरोपी सरेआम गाली-गलौज करने लगा।जब आकाश ने गालियां देने से मना किया, तो बापू पवार ने तैश में आकर उसका बायां हाथ पकड़ लिया और अंगूठे को अपने मुंह में डालकर जोर से काट लिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई।

सेल्समैन का बैग चुराने वाले दो पूर्व कर्मचारी गिरफ्तार

रंजिश में वारदात.. मालिक से बदला लेने के लिए की थी घटना

6.10 लाख की नकदी व कार बरामद

इंदौर। सिमरोल पुलिस ने किराना व्यापारी के सेल्समैन से हुई 6 लाख रुपये से अधिक की चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की पूरी रकम 6 लाख 10 हजार 21 रुपये नकद और वारदात में प्रयुक्त कार जब्त कर ली है।

पुलिस के मुताबिक, गत 27 अक्टूबर को फरियादी संजय पिता दिगंबरराव शैवाले (59) निवासी स्कीम नंबर 114 पार्ट-01, विजय नगर ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी मानस ट्रेडर्स इंदौर किराना दुकान पर सेल्समैन है। वह करही, बलवाड़ा और चोरल आदि क्षेत्रों से किराना दुकानदारों से कलेक्शन के रुपये और बिल लेकर मोटरसाइकिल से लौट रहा था। चोरल स्थित बाबा ढाबा के पास वह लघुशंका के लिए रुका, तभी कोई अज्ञात बदमाश



उसकी मोटरसाइकिल पर रखा रुपयों से भरा बैग चुराकर चंपत हो गया। सिमरोल पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर तफ्तीश शुरू की।

सीसीटीवी फुटेज और कार से मिला सुराग

घटना के बाद पुलिस टीम ने रूट के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें घटना स्थल के आसपास एक संदिध कार घूमती नजर आई। फुटेज के आधार पर अलग-अलग टीमें बनाकर कार की तलाश शुरू की गई। इसी दौरान मुखबिर से पुख्ता सूचना मिलने पर पुलिस ने ग्राम जैतपुरा खुडैल निवासी कुंदन पिता टेकेंद्र दांगी और अमित पिता छोटेलाल दांगी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, जिस पर दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

डीजल चोरी का इल्जाम लगाकर नौकरी से निकाला था, इसलिए लिया बदला

पूछताछ में आरोपियों ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए बताया कि वे दोनों पहले उसी किराना व्यापारी के यहां काम करते थे। मालिक ने उन पर डीजल चोरी का झूठा इल्जाम लगाकर नौकरी से निकाल दिया था। इसी अपमान और रंजिश का बदला लेने के लिए उन्होंने सेल्समैन की रेकी की और मौका मिलते ही 6 लाख रुपये से भरा बैग पार कर दिया। सिमरोल थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 6,10,021 रुपये की शत-प्रतिशत बरामदगी कर ली है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।


ऑटो में सवारी के बैग से जेवर चुराने वाला चालक धराया

सोने-चांदी के आभूषण और नकदी हुए शातिर से बरामद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तिलक नगर थाना क्षेत्र में ऑटो में बैठकर सफर कर रही महिला के बैग से सोने-चांदी के जेवर और नकदी चुराने वाले शातिर ऑटो चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए आभूषण, नकदी रुपए और वारदात में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा बरामद कर लिया है।





पुलिस के अनुसार, गत 29 अक्टूबर को फरियादिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी बेटी संध्या के साथ देवगुराड़िया जाने के लिए पिपलियाहाना चौराहे से एक ऑटो रिक्शा में बैठी थीं। इस दौरान चालक ने उनकी बेटी का बैग अपने पास आगे रख लिया था, जिसमें रखे छोटे पर्स से 13 हजार रुपए नकद, सोने का मंगलसूत्र, सोने की नथ, पेंडल और चांदी की चेन चोरी हो गई थी।

सीसीटीवी और मुखबिर की सूचना पर पकड़ाया आरोपी

मामले की गंभीरता को देखते हुए तिलक नगर थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र का उपयोग करते हुए स्कीम नंबर 140 से संदिग्ध ऑटो चालक को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सोनू पिता बालकिशन लोगारे, निवासी गोमा की फेल बताया।पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर सोने के कान के टॉप्स, चांदी की पायल, मंगलसूत्र, सोने का पेंडल, नगदी रुपए और घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा जब्त कर लिया है। तिलक नगर पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है और अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ जारी है।

लिस्टेड बदमाश से एमडी ड्रग्स बरामद

पहले से दर्ज है 20 से अधिक अपराध, शौक और नशे की लत पूरी करने के लिए करता था तस्करी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना पुलिस ने एक शातिर और आदतन अपराधी को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 16 ग्राम से अधिक अवैध एमडी ड्रग्स जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 लाख 60 हजार रुपए से अधिक है। खास बात यह है कि पकड़ा गया आरोपी खजराना क्षेत्र का लिस्टेड बदमाश है, जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में 20 से अधिक गंभीर



अपराध दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, खजराना थाना क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश और गश्त के दौरान पुलिस टीम को स्कीम नंबर 134 स्थित साहिल ग्रैंड बिल्डिंग के पीछे एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह घबराकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे मुस्तैदी से घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अकरम उर्फ अक्की पिता रशीद शाह, निवासी बडला, खजराना बताया।तलाशी के दौरान आरोपी के पास से लगभग 16 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह खुद भी मादक पदार्थ का आदी है। अपनी नशे की लत और महंगे शौक पूरे करने के साथ-साथ जल्दी अमीर बनने की चाहत में वह इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहा था और अन्य लोगों को ड्रग्स सप्लाई करता था। खजराना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का रिमांड प्राप्त कर लिया है और इस तस्करी के नेटवर्क में उसके अन्य साथियों व ड्रग्स के मुख्य स्रोतों के बारे में गहराई से पूछताछ की जा रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा, सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587।

RNI NO. MPHIN/2005/15582
cityblastindore@gmail.com